


हिन्दी साप्ताहिक

दर्पण की तरह निष्पक्ष खबरें

RNI.MPHIN /2020/79479

# भविष्य दर्पण

www.bhavishydarpannews.com

Email-bhavishydarpannews@gmail.com

वर्ष : 04 अंक: 26 (प्रति शुक्रवार को जारी) उज्जैन, शुक्रवार, दिनांक-01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर 2023 तक कुल पृष्ठः 8 कीमत : 2/- रुपया



# पहले की सरकारें खुद को माई-बाप समझती थीं-मोदी

## सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं, किसान, इनको मजबूत बनाकर भारत को विकसित बनाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें खुद को माई-बाप समझती थीं। पीएम ने आगे ये भी कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, महिलाएं, युवा और किसान हैं। इन्हें मजबूत बनाकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। हमारे अमृत स्तंभ हैं- हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार।

**2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का मेरा सपना-मोदी**-प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने लाल किले से गांव की दीदियों को ड्रोन दीदी बनाने की घोषणा की थी। मैंने देखा कि कोई दसवीं पास हैं, कोई 11वीं तो कोई 12वीं पास, लेकिन हजारों बहनों ने ड्रोन चलाना सीख लिया है। खेती में कैसे इसका उपयोग करना है, फर्टिलाइजर और दवाएं छिड़कने में कैसे इस्तेमाल करना है, ये सब उन्होंने सीख लिया है। अब इन ड्रोन दीदियों को नमन करने का मन करता है। इस योजना को मैं नमो ड्रोन दीदी नाम देता हूं।

ये नाम इसलिए दे रहा हूं, क्योंकि हर गांव ड्रोन दीदी को नमन करता रहे। आने वाले समय में 15 हजार स्व सहायता समूहों को नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इन समूहों को ड्रोन दिया जाएगा। इन दीदियों को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जाएगी।



सेल्फ हेल्प ग्रुप से महिलाओं को सशक्त बनाने का जो कार्यक्रम चल रहा है, उसमें नमो ड्रोन दीदी की बड़ी भूमिका होगी। गांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप में काम करने वाली 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना है, ये मेरा सपना है। पीएम मोदी ने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को संबोधित किया।

**आपको दी हुई गारंटियों को पूरा करूंगा- पीएम**-मोदी ने कहा कि इस देश का हर नागरिक चाहे अमीर हो या गरीब, उसे दवाएं सस्ती मिलनी चाहिए। लोगों को बीमारी में जिंदगी ना गुजारनी पड़े। पीएम ने एक कार्यक्रम लॉन्च किया, जिसके तहत देश में जन औषधि केंद्र की संख्या 10 हजार से बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। उन्होंने वालंटियर्स से अपील की कि लोगों को सरकार की योजनाओं को पूरा लाभ मिलना चाहिए। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम विकास रथ रखा था, लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी रख दिया। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा।

**क्या है विकसित भारत संकल्प यात्रा**-पीएम मोदी ने झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इसके तहत वैन चलेंगी, जो कई ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप लगाएंगी। यात्रा का लक्ष्य है- ऑन स्पॉट सर्विस प्रदान करना। सरकार के मुताबिक, 26 नवंबर 2023 तक 995 ग्राम पंचायतों में 5 हजार 470 हेल्थ कैंप लगाए गए। इनमें 7 लाख 82 हजार से ज्यादा लोग आए।

# माफिया के सामने सत्ता मजबूर, इनको नहीं छोड़ूंगी-उमा

## भोपाल में कहा-सरकार के मुखिया के जिले में भी अवैध खनन, रोक नहीं सके



**भोपाल।** भाजपा नेता और मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी की सरकार को घेरा है। उमा ने कहा, %कमाल तो यह है कि हमारी सरकार के मुखिया के जिले में भी उनकी छाती के ऊपर अवैध खनन हो रहा है। वह उसको रोक नहीं सके। क्या सत्ता इतनी असहाय है इन तीन माफियाओं के सामने..पावर माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया.. इनके सामने सत्ता मजबूर हो गई है क्या? मैं इनको नहीं छोड़ूंगी। उमा ने यह बात गुरुवार को भोपाल में सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। वे शहडोल में रेत माफिया द्वारा पटवारी प्रसन्न सिंह बघेल की हत्या के मामले पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा, मुझे स्लिप डिस्क की समस्या है। राहत मिलने के बाद ब्योहारी से ही अवैध खनन विरोधी अभियान की शुरुआत करूंगी।

पूर्व सीएम ने कहा, शहडोल में पटवारी प्रसन्न सिंह की जो हत्या हुई..अवैध खनन मुझे हमेशा से चुभता रहा है। मैंने कई बार आपत्ति की और आवाज उठाई इसलिए जो बातें मैंने पहले कही थीं.. उन बातों के होते हुए मुझे कोई जिम्मेदारी देने के बारे में पार्टी सोचे लेकिन मैं अवैध खनन की खिलाफत करना नहीं छोड़ूंगी। अब खनन की खिलाफत सबसे आगे हो जाएगी।

**शराब से लॉस हो तो खनन से रॉयल्टी वसूल करिए**-उमा ने कहा- मुझे नहीं पता किसकी सरकार होगी? मैं चाहती हूं कि मेरी पार्टी की सरकार बने। मैं शिवराज जी का बहुत सम्मान करती हूं। शराब नीति घोषित हो गई.. शिवराज जी ने की। उन्होंने वैसे ही की लेकिन वह लागू नहीं हो पाई। सिवाय इसके कि अहाते गिर गए। यह कहा गया कि शराब से लॉस हो जाएगा तो मैं कह देती हूं कि खनन से रॉयल्टी वसूल करिए। मेरा कहना है कि खनन की रॉयल्टी बहुत सारी भरपाई करेगी। प्रसन्न सिंह के अलावा नरेंद्र कुमार और बीच में बहुत सारे लोगों की हत्या कर दी गई। उमा ने आगे कहा- इन सब बातों के होते हुए मुझे पार्टी चुनाव लड़ाने की इच्छा रखती है। हालांकि, जिम्मेदारी तो मुझे परमात्मा ने नैसर्गिक दी है कि मैं खनन के खिलाफ खड़ी हो जाऊं और शराब नीति को ठीक से लागू करने के लिए कोशिश करूं। गौ रक्षा के लिए कोशिश करूं। गायों की सड़क पर इतनी हत्या हो रही है। सड़कों के दोनों तरफ फेंसिंग नहीं की गई।

# विदाई पर बोले बैंस- यह एक पड़ाव, कोई अंत नहीं

## शिवराज सिंह ने कहा- बिना दबाव काम पूरे किए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा ने गुरुवार को चार्ज संभालते ही कामकाज की शुरुआत कर दी। इकबाल सिंह बैंस रिटायर हो गए हैं। 6-6 महीने के 2 बार मिले एक्सटेंशन के बाद बैंस का कार्यकाल 30 नवंबर को पूरा हो गया। गुरुवार को कैबिनेट बैठक में उन्हें विदाई दी गई। पूर्व सीएस बैंस ने कहा- यह एक पड़ाव, कोई अंत नहीं। काम करते रहेंगे, सक्रियता बनी रहेगी। आनंद विभाग को उन्होंने अपनी प्रमुख उपलब्धि बताई। बैंस के विदाई समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले- अपने लिए जिएं तो क्या जिएं, देश-समाज के लिए जीना ही जीना है, बैंस ने ये यही कर दिखाया है। उन्होंने अच्छा काम किया। जो भी काम उन्हें सौंपे गए, उन्होंने बिना किसी तनाव और दबाव के पूरे किए। कोविड के दौरान भी उन्होंने बेहतर काम कर दिखाया। सीएम राइज स्कूल, सिटीजन चार्टर और आनंद विभाग उनकी बेहतर उपलब्धियां रहीं। मुख्यमंत्री शिवराज के चौथे कार्यकाल की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी।



# नकली नोट छापना पड़ा महंगा

# नकली नोट के मामले में आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास





**देवास।** वर्ष 2019 में उज्जैन रोड ब्रिज के नीचे नकली नोट चलाने व बनाने के मामले में पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया है। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक श्रीमती जयंती पौराणिक ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस को 1 अप्रैल 2019 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उज्जैन रोड ब्रिज के नीचे गार्डन पर नौशाद एवं कृष्ण नारायण निवासी इंदौर नोट लेकर रवि निवासी देवास को देने के लिए खड़े है। सूचना पर थाना कोतवाली के पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा और प्रकरण दर्ज कर लिया। जांच उपरांत मामले में इन आरोपियों के अन्य साथियों के नाम भी सामने आए, जिनके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया और मामला न्यायालय को सौंप दिया। प्रकरण में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी नौशाद पिता शरीफ अंसारी 43 वर्ष निवासी सरगना मोहल्ला जोगियान जिला मेरठ यूपी, कृष्णनारायण पिता जगदीशप्रसाद गुप्ता 44 वर्ष निवासी देवरी कला थाना दबोह जिला भिण्ड मप्र, रवि पिता जगदीशप्रसाद जायसवाल 32 वर्ष निवासी



राजीव गांधी नगर इटावा, विशाल पिता दुष्यंत राव गौडसे 36 वर्ष निवासी पवनदूत नगर बडोदरा गुजरात, अभिजीत पिता कृष्णराव गाठे 25 वर्ष निवासी पवनदूत नगर बडोदरा गुजरात को भारतीय मुद्रा 50, 100, 200 के जैसे दिखने वाले कूटरचित नकली नोट को असली के रूप में उपयोग लाने, अपने कब्जे में रखे तथा नोटों के कूटरचित करने के लिए उपकरणों को अपने कब्जे में रखने के लिए आरोपियों को धारा 489 क, 489 ख, 489 ग एवं 489 घ भा.द.वि. में आरोपी नौशाद को उक्त धारा में दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक धारा में को 8000/- रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अन्य आरोपियों को धारा 489 ख, 489 ग भादवि में दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 4-4 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी वरिष्ठ लोक अभियोजक जयंती पौराणिक ने की एवं कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक रमेश बर्डे का विशेष सहयोग रहा।





## सम्पादकीय

# 10 सीटों पर खड़े दमदार बागियों की चुनाव में हो सकती है बल्ले-बल्ले



शुभम परमार

मध्य प्रदेश में वोटिंग खत्म हो चुकी है। अब सबको रिजल्ट का इंतजार है लेकिन इस बीच कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला है. इस चुनाव को लोग और राजनीतिक जानकार कांटे की टक्कर बता रहे हैं लेकिन प्रदेश की ऐसी 10 सीटें हैं जहां निर्दलीय प्रत्याशियों का खासा दबदबा है जिन पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। चाहें फिर भारतीय जनता पार्टी हो या फिर कांग्रेस दोनों दल इन सीटों पर नजर बनाए हुए हैं. ऐसा माना जा रहा है कि इन सीटों पर ही मध्य प्रदेश में खेल होगा। क्योंकि यहां पर कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। मध्य प्रदेश में 10 ऐसी सीटें हैं जहां पर कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों के बागी अपनी तागत झोंक रहे हैं. और जानकारों की माने तो इन सीटों पर वे बीजेपी और कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर दे रहे हैं. यही कारण है कि इन पर दोनों ही दल नजर बनाए हुए हैं कि अगर परिणाम में 2018 जैसा फंसता है तो अपने बागियों को समय रहते मना लिया जाएगा।

**महू** - इस सीट से कांग्रेस के बागी अंतर सिंह दरबार चुनाव लड़ रहे हैं. यहां पर बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए ही अंतर सिंह दरबार मुसीबत बने हुए हैं।

**आलोट** - इस सीट से कांग्रेस सांसद और विधायक रहे प्रेमचंद गुड्डू निर्दलीय चुनावी मैदान में है. इन्होंने कांग्रेस छोड़ने से पहले कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर कई आरोप लगाए थे।

**गोटेगांव** - कांग्रेस की पहली सूची में टिकट पाने वाले शेखर चौधरी का टिकट दूसरी लिस्ट में काट दिया था. जिसके बाद उन्होंने बगावत अख्तियार कर ली थी. और निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरकर कांग्रेस से आमना सामना करने का फैसला कर लिया था।

**महिदपुर** - इस सीट से प्रताप आर्य ने बीजेपी से बगावत करके निर्दलीय चुनाव लड़ा है।

**बुरहानपुर** - इस सीट की चर्चा हर विधानसभा चुनाव में रहती है, क्योंकि इस सीट को लेकर ऐसा कहा जाता है कि यहां निर्दलीय प्रत्याशी हमेशा खेल बिगाड़ते हैं. इस बार यहां से सबसे मजबूत निर्दलीय प्रत्याशी हर्षवर्धन सिंह चौहान हैं. जो बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार चौहान के बेटे हैं।

**धार** - इस सीट पर राजू यादव निर्दलीय चुनावी मैदान में हैं. राजू यादव के निर्दलीय मैदान में होने के कारण यहां बीजेपी की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं।

**सिवनी-मालवा** - इस सीट से ओम रघुवंशी निर्दलीय चुनावी मैदान में हैं. ओम इस सीट पर कांग्रेस को कड़ी टक्कर दे रहे हैं. जब उन्होंने कांग्रेस का दामन छोड़ा था तब जमकर विवाद हुआ था।

**नर्मदापुरम** - नर्मदापुरम से सीट से भगवती चौरे यहां पर बीजेपी की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।

**बड़नगर** - राजेंद्र सौलंकी इसके अलावा सीधी विधानसभा सीट से कई बार के विधायक केदारनाथ शुक्ला निर्दलीय चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं. इन निर्दलीयों के होने से बीजेपी को कहीं न कहीं मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है. तो वहीं अगर ये निर्दलीय चुनाव जीतते हैं तो दोनों ही दल अपने रूठे नेताओं को मनाने का प्रयास जरूर करेंगे।

# तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है।

जैसे-जैसे तेलंगाना चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंचा, भारत का सबसे युवा राज्य त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

2014 में अपनी स्थापना के बाद से बी.आर.एस. प्रमुख के.चंद्रशेखर राव शीर्ष पर रहे हैं। वह हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। हालांकि, सत्ता विरोधी लहर उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। अलग तेलंगाना आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के बावजूद, उन्हें विभिन्न कारणों से लोकप्रियता में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

2018 में, आश्चर्यजनक रूप से, चुनावों को समय से पहले रखते हुए, टी.आर.एस. 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने 19 और ए.आई.एम.आई.एम. ने 7 सीटें जीती थीं। वर्तमान में बी.आर.एस. अन्य दलों को तोड़कर कुल 99 सीटें बना चुकी हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। ए.आई.एम.आई.एम. और भाजपा के पास क्रमशः 7 और 6 विधायक हैं।

केसीआर ने अपने बेटे और बेटी सहित अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे, केटी रामा राव, उपमुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी, कविता, एक सांसद हैं, और उनका भतीजा एक मंत्री है।

राव के पास अपने और अपने परिवार के लिए बड़ी योजनाएं हैं। जीतने के बाद, वह अपने बेटे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। राज्य स्तर के राजनेता होने से संतुष्ट नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति पर अपनी नजरें जमा ली हैं।

पहले कदम के रूप में, केसीआर ने पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया, जो अधिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण की ओर बदलाव का संकेत है।

राव ने पिछले दशक में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा और जिंजर ग्रुप बनाने का प्रयास किया था, लेकिन कोई उन्हें गंभीरता से लेने वाला नहीं था। नवगठित विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भाजपा को चुनौती देने के अपने उद्देश्य के बावजूद, अभी तक केसीआर को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। उनका आरोप है कि केसीआर भाजपा की बी टीम है।



यह चुनाव तीन प्राथमिक खिलाड़ियों के लिए एक सफल क्षण है, क्योंकि भाजपा तेलंगाना को दक्षिणी राजनीति में लाभ पाने के एक अवसर के रूप में देखता है। नतीजे निस्संदेह अगले साल के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे।

तेलुगु देशम पार्टी (टी.डी.पी.) एक समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक खिलाड़ी थी, लेकिन पिछले दशक में कमजोर हो गई है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है और बी.आर.एस. के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है।

राज्य में मुख्य विपक्षी दल बनने का भाजपा का लक्ष्य दूर की कौड़ी है। नगर निगम चुनाव में सुधार के बावजूद अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार जीतने के अलावा, भाजपा का एन.आर. कांग्रेस के साथ गठबंधन को छोड़कर, दक्षिण भारत में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं है। भाजपा उत्तर में किसी भी संभावित नुकसान को संतुलित करने के लिए दक्षिण में अधिक सीटें हासिल करने का इरादा रखती है, जहां उनका विस्तार पहले से ही अपने चरम पर है।

कांग्रेस को 2014 में दबाव में आकर आंध्र प्रदेश को बांटने का अफसोस है। हैरानी की बात यह है कि यह कदम उल्टा पड़ गया क्योंकि लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया और तेलंगाना में टी.आर.एस. तथा आंध्र प्रदेश में वाई.एस.आर.सी.पी. को अपना लिया।

केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों, गजवेल और कामारेड्डी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गजवेल में उनका मुकाबला बी.आर.एस. के एक बागी से है, जबकि कामारेड्डी में उनका मुकाबला कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी से होगा। उन्होंने जोखिम लेने के बावजूद पार्टी में किसी भी विद्रोह से बचने के लिए सभी मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों को बरकरार रखा है।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी प्रतियोगिता में सबसे आगे है, उसके बाद बी.आर.एस. और भाजपा। बी.आर.एस. की पिछली बार की तुलना में कम सीटें जीतने की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है। ए.आई.एम. आई.एम., जिसकी सीमित उपस्थिति है, वही सीटें बरकरार रख सकती है। कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार एक या दो सीटें जीत सकते हैं। भाजपा के चौथे स्थान पर रहने की उम्मीद है।

केसीआर का मानना है कि उनके काम से उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई और कृषि के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित किया है। गूगल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 2014 से पहले भी हैदराबाद में निवेश किया है। तेलंगाना की जी.डी.पी. दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। लेकिन नकदी से समृद्ध राज्य पर भारी कर्ज का बोझ है।

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं का दिल जीतने के लिए छह लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की, जिसमें महिलाओं के लिए 2500 रुपये और किसानों के लिए 15000 रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने भीड़ को यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस ने 2014 में तेलंगाना बनाया था। केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है। इसके विपरीत, उनके विरोधी उनके परिवार की आलोचना करते हैं और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। केसीआर 2014 में तेलंगाना मुद्दे पर विजयी हुए और 2018 के चुनाव में किसानों का समर्थन किया। हालांकि, वर्तमान में, उन्हें सत्ता विरोधी लहर, पुनर्जीवित कांग्रेस और केंद्र का सामना करना पड़ रहा है वह अपनी बेटी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।

कांग्रेस को गेम ऑफ थोर्न्स में सत्ता हासिल करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बदलाव का मूड है। जब लोग परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं, तो वे किसी भी चुनौती या बाधा के बावजूद ऐसा करेंगे।

# 80 साल से मेले में झूला लगा रहे व्यापारियों ने किया ऑनलाइन प्रक्रिया का विरोध

## पुराने व्यापारियों को ऑफलाइन एवं नए व्यापारियों को ऑनलाइन प्रक्रिया की मांग



**उज्जैन।** परंपरागत तरीके से लगता आ रहा कार्तिक का मेला इस बार पूर्णिमा पर नहीं लगा प्रशासनिक अमला और झूला व्यापारियों के बीच ताल मेल नहीं बन पाने और आचार संहिता के चलते कार्तिक मेला ग्राउंड वीरान दिखाई दिया। उज्जैन में कार्तिक का मेला नदी किनारे सदियों से लगता रहा है लेकिन इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया लागू करने से कहीं झूले व्यापारी इस बार टेंडर नहीं भर पा रहे हैं। यही कारण है कि इस बार पूर्णिमा पर नाहन तो हुआ लेकिन मेला ग्राउंड सुना पड़ा रहा। अध्यक्ष अब्दुल अजीज जैदी ने जानकारी देते देते हुए बताएं कि पुराने झूला व्यापारियों को ऑफलाइन कर मेले में जगह दी जाए एवं नए व्यापारियों को ऑनलाइन कर जगह दी जाए इस बात से हम सहमत है। पर 80 साल से मेले में लगा रहे झूला व्यापारियों को भी ऑनलाइन जगह दी जाएगी तो हमारा विरोध जारी रहेगा। ऑनलाइन प्रक्रिया में 5 गुना पेज बढ़ा दिए गए हैं जिसका असर मेले में घूमने वाले लोगों पर पड़ेगा साथ ही ऑनलाइन टेंडर में कई अपराधी किस्म के लोगों ने अपने परिवार के नाम पर टेंडर भर दिए हैं। यही कारण है कि जो परंपरागत तरीके से मेले में अपनी दुकान और झूले लगाते आ रहे लोगों को इस बार मिले से दूर रहना पड़ रहा है। मेले के व्यापारियों ने इस बार मेले का बहिष्कार कर दिया है। क्योंकि प्रशासनिक अमले और मेले के व्यापारियों के बीच ताल में नहीं बन पा रहा है। फिलहाल मेले के व्यापारियों ने निगम कमिश्नर से चर्चा की बात कही है।



# उज्जैन के 12 खिलाडी ने 20 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदक प्राप्त किये

**उज्जैन।** खंडवा में कुंगफू स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश द्वारा 25-26 नवंबर को पहला राज्य स्तरिय कुंगफू चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई जिलों के खिलाडियों ने सहभागीता की जिसमे उज्जैन से 12 खिलाडी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। इन खिलाड़ीयों ने कुंगफू के तीनो इवेंट ग्रुप ताऊलू, सोलो ताऊलू और सांडा इवेंट में सहभागिता कर 20 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदक प्राप्त किये जिसमे परमवीर सिंह शेखावत को 3 स्वर्ण, संतोष नागर 3 स्वर्ण, आयुषी मकवाना 2 स्वर्ण 1 कांस्य, माहि यादव को 2 स्वर्ण, धर्मेन्द्र सिंह 1 स्वर्ण 1 सिल्वर, पार्थ तोमर 2 स्वर्ण, वेदहि बैरागी 1 स्वर्ण, ईश्वर सिंह बडाल 2 स्वर्ण, सचिन परमार 2 स्वर्ण, सुहाना प्रजापत 1 स्वर्ण 1 रजत, यशस्वी 1 स्वर्ण, आशु अग्रवाल को 1 कांस्य। इसी के साथ उज्जैन टीम ने कोच अभिषेक मरमट, पूजा चौहान, कालेश्वर गामड़ के नेतृत्व में पुरे मध्यप्रदेश में ताऊलू और ओवरआल चैंपियनशिप दोने में 1ह्यह्ल रनर अप रह कर 2 ट्रॉफीज प्राप्त की।

# यूरिया की कालाबाजारी के खिलाफ किसान ने किया स्टिंग ऑपरेशन

## भारतीय किसान यूनियन टिकेत ने की कालाबाजरी करने वालों पर रासुका की मांग

**उज्जैन।** जिस यूरिया का सरकारी रेट 266.5 पैसे है वह नागदा फर्टिलाइजर द्वारा 370 से 500 रूपये में बेची जा रही थी। वहीं 5 बोरी डीएपी की लें तो 10 बोरी यूरिया किसानों को दे रहे थे इसकी जानकारी लगने पर भारतीय किसान यूनियन टिकेत प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव द्वारा स्टिंग ऑपरेशन करवाया गया। जिस पर नागदा फर्टिलाईजर का लाइसेंस निलंबित की कार्रवाई हुई। वहीं यूरिया खाद की कालाबाजारी करने वाली खाचरौद की दो फर्म श्रीराम किसान बाजार और राधिका ट्रेडर्स पर भी कार्रवाई की गई। भारतीय किसान यूनियन टिकेत प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने खाद यूरिया, डीएपी 12-32-16 की कालाबाजारी करने वाले नागदा फर्टिलाइजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को शिकायत की है। अनिल यादव ने बताया कि व्यापारियों द्वारा बड़े पैमाने पर कालाबाजारी की जा रही है यूरिया खाद की कीमत 266.50 रुपए है जिसके 500 रुपए तक किसानों से लिए जा रहे हैं साथ ही एक बोरी यूरिया के साथ 2 बोरी डीएपी खाद की बोरी दी जा रही हैं इसके साक्षी किसान और उनके द्वारा बनाए गए वीडियो भी भेजे गए और मांग की कि ऐसे कालाबाजारियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर जेल का रास्ता दिखाएं। यादव ने मांग की कि कालाबाजारी करने वालों पर रासुका के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई कि जायें जिससे कि अन्य व्यापारियों को भी सबक मिले और गरीब मजदूर वर्ग के किसानों को लूटने से बचाया जा सके साथ ही कालाबाजारी पर रोक लगेगी तो जिला अथवा मध्य प्रदेश में खाद की उपलब्धता हो सकेगी। गरीब किसानों का शोषण कर रहे कालाबाजारी व्यापारियों पर दंडात्मक कार्रवाई कर सबक सिखाया जाजाना आवश्यक है। यादव ने बताया कि किसान ईश्वर जाट द्वारा कालाबाजारी का वीडियो बनाया गया वहीं कार्रवाई के दौरान जिला अध्यक्ष भगवान सिंह मौजूद रहे।

# जीएसटी अधिकारियों ने सरकारी जमीन पर बनी मल्टी पर चिपकाया कुर्की का नोटिस

## उज्जैन नगर पालिका निगम पूर्व में दे चुकी है अवैध निर्माण का नोटिस, कुख्यात भू माफिया ने फर्जी तरीके से संपत्ति बनाई

उज्जैन। उज्जैन के भू माफिया जोगेश उर्फ योगेश गोविंदानी के द्वारा वीर दुर्गादास मार्ग पत्ती बाजार में सरकारी जमीन सर्वे क्रमांक 716 /1 के जाली दस्तावेज तैयार करके बुरहानुद्दीन हाकमुद्दीन अजगर अली पिता हैदर अली के साथ मिलकर नगर पालिका निगम झोन क्र 1 के अधिकारी से सांठगांठ कर रजिस्ट्री तैयार कर ली और सरकारी जमीन को अपने नाम कर ली। वहीं ओम इंटर प्राईजेस के नाम से एक फर्म संचालित की जा रही थी। भारत सरकार वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग उप सहायक आयुक्त सीएसटी व केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रभाव उज्जैन के द्वारा धारा 79 के अंतर्गत 68 लाख 47,965 का जीएसटी का पैसा बकाया बताया जा रहा है। इसी के चलते अधिकारियों ने सरकारी जमीन पर बनी मल्टी पर कुर्की का नोटिस चिपका दिया।

मप्र युवा गोरक्षा न्यास को इसकी जानकारी प्राप्त होते ही संगठन के पदाधिकारी द्वारा भरतपुरी जीएसटी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर अवगत कराया कि गोविंदानी एक चालबाज व्यक्ति है उसके द्वारा सरकारी जमीन के जाली दस्तावेज तैयार करके और एक फर्म बनाकर उसपर जीएसटी का पैसा बाकी कर वह चाहता था कि इस पर कुर्की हो जाए क्योंकि उक्त भूमि पहले से ही सरकारी है। उज्जैन जिला कलेक्टर इंदौर हाई कोर्ट में जवाब पेश कर चुके हैं और जवाब के अंदर जमीन के दस्तावेज सरकारी पाए गए। गोरक्षा न्यास के पदाधिकारी ने मय प्रमाण के साथ जीएसटी के कार्य लेकर अधिकारियों को अवगत कराया कि योगेश गोविंदानी की संपत्ति, पटेल नगर में उसका मकान और शहर के और ग्रामीण क्षेत्र में कई बीघा जमीन उसके नाम है उसकी भी कुर्की की जाए। क्योंकि उक्त भूमाफिया भोले भाले लोगों को भुखंड विक्रय कर चुका है उज्जैन न्यायालय के अंदर भी इसके तीन दावे चल रहे हैं ऐसी स्थिति में सरकार के अधिकारी को भ्रमित जानकारी देकर अपराध की श्रेणी में आता है। कट्टर हिंदू संगठन के सभी पदाधिकारी ने भू माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के मांग की गई। यह जानकारी बाल गोरक्षा न्यास के नगर जिला अध्यक्ष विश्वास ठाकुर ने दी।

## प्रहलाद दिव्यांग ट्राफी 2023 मैच

# उज्जैन ने इंदौर (ग्रामीण) को रोमांचकारी मुकाबले में हराया



**उज्जैन।** दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित होने वाले अंतर संभागीय प्रहलाद दिव्यांग क्रिकेट ट्रॉफी 2023 का दिनांक 26 नबम्बर 2023 को सातवा मैच लक्ष्मण सिंह गौड क्रिकेट ग्राउंड, इंदौर मे सम्पन्न हुआ जिसमे उज्जैन संभाग ने इंदौर (ग्रामीण) को रोमांचकारी मुकाबले मे शिकस्त दी।

उज्जैन संभाग के कप्तान माखन सिंह राजपूत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। खराब मौसम के कारण यह मैच 15 ओवर का खेला गया। उज्जैन ने 154/5 का लक्ष्य रखा, उज्जैन की तरफ से कप्तान एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाडी माखन सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 (23), लक्की करडिया ने 26 (16), मीर अशिफ् ने 29 एवं प्रभात सिंह ने 18 रनों का योगदान दिया। इंदौर (ग्रामीण) की तरफ से जर्मन सोलंकी ने 2, अमर सिंह सोलंकी, शेरसिंह चौहान एवं शिवजी ने एक -एक विकेट प्राप्त किया।

जवाबी पारी खेलने उतरी इंदौर (ग्रामीण) के बल्लेबाजों ने भरपूर प्रयास करते हुए 138/8 शानदार खेल दिखा कर भी विजय श्री हासिल नहीं कर पाए। इंदौर (ग्रामीण) की तरफ से भागीराम चौहान ने 34, अनिल चौहान ने भी 34 व श्याम डाबर ने 21 रनों का योगदान दिया।

उज्जैन की तरफ से कप्तान माखन सिंह और आशिफ मीर ने दो दो एवं गोपी और अर्पण ने एक एक विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ दा मैच कप्तान माखन सिंह राजपूत रहे। बेस्ट फील्डर का अवार्ड साहिद खान को मिला। इस उपलक्ष पर इंदौर डिवीज़न दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के कॉर्डिनेटर पंकज तिवारी ने लक्ष्मण सिंह गौड़ क्रिकेट अकादमी को शानदार ग्राउंड एवं ग्राउंड्समेन के लिए एवं स्पॉन्सर आई पी एम कॅरिअर का आभार जताया एवं बताया कि जिस प्रकार जन सहयोग मिल रहा है, जल्द ही इंदौर में दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन होगा जिसमें आठ संभागीय टीम एवं पूरे देश से चुने हुए खिलाड़ी शिरकत करेंगे। उन्होंने मैच के मुख्य अतिथि उज्वल मोटवानी, विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष दीक्षित एवं सुनील धोलपूरे का आभार जताया।



# क्वान की डो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**उज्जैन।** 25 से 28 नवंबर तक लोकमान्य तिलक हायर सेकेण्डरी स्कूल उज्जैन में चौथी मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय क्वान की डो प्रतियोगिता 2023 क्वान की डो संघ उज्जैन के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इसमें 350 खिलाड़ियों ने विभिन्न जिलों से भाग लिया और उसी के साथ ओवरऑल ट्रॉफी जिलों में उज्जैन का पहला, इंदौर का दूसरा और धार तीसरा स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि शिव प्रताप सिंह चौहान अध्यक्ष (श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना) ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। क्वान की डो संघ मध्य प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन देते हुए अनेक पदक प्राप्त किए और प्रतियोगिता में चयनित हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता जो जम्मू में आयोजित होगी। उसमें मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफल आयोजन के लिए प्रतियोगिता आयोजक उज्जैन सचिव विशालसिंह सोलंकी को क्वान की डो संघ मध्यप्रदेश बधाई दी। इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायकों की भूमिका अश्विनि पाल (टेक्निकल डायरेक्टर मध्य प्रदेश), हर्षिता शुक्ला (नेशनल रेफ्री एवं जज), प्रियांशी जायसवाल (नेशनल रेफ्री एवं जज) और राज्यस्तरीय निर्णायक् परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें विभिन्न जिलों से आयूषी बंसल, कविता भायल, राकेश चौहान, संदीप परेगी, कमल सिंह ने प्रतिभागिता की।

# भोपाल-इंदौर समेत 13 जिलों में बारिश

## गुना में सबसे ज्यादा 15 मिमी पानी गिरा; सागर प्रदेश में सबसे ठंडा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछले पांच दिन से मौसम सर्द है। गुरुवार को भी ज्यादातर शहरों में बादल छाए रहे तो भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के 13 जिलों में बारिश हुई। गुना में सबसे ज्यादा 15 मिमी यानी आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। इसी तरह भोपाल, छतरपुर जिले के खजुराहो, नौगांव, टीकमगढ़, उमरिया, दमोह, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, बैतूल, सागर, सीधी, जबलपुर, सतना और इंदौर में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई।

गुरुवार को प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान बढ़ा तो कई जगहों पर इसमें गिरावट भी दर्ज की गई। सागर में प्रदेश में सबसे कम 22.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। यहां एक ही दिन में 2 डिग्री की गिरावट रही। सागर पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। पचमढ़ी में 23 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसी तरह ग्वालियर में भी तापमान 22.8 डिग्री रहा। यहां एक ही दिन में 3.8 डिग्री की गिरावट हुई।

इससे पहले भोपाल में गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, फिर तेज बारिश हुई। बारिश बंद होते ही धुंध के बीच हल्की धूप खिली। घने कोहरे के कारण इंदौर एयरपोर्ट पर सुबह की फ्लाइट्स दो घंटे की देरी से लैंड हुईं। कोहरे के कारण फ्लाइट्स को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया था।



**इन शहरों में इतना टेम्प्रेचर-** मौसम विभाग के मुताबिक, बैतूल में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस, भोपाल में 26.5 डिग्री, धार में 25.1 डिग्री, गुना में 25.2 डिग्री, नर्मदापुरम में 26.2 डिग्री, इंदौर में 25 डिग्री, खंडवा में 29.1 डिग्री, खरगोन में 27 डिग्री, रायसेन में 24.8 डिग्री, रतलाम में 24.2 डिग्री, उज्जैन में 24.6 डिग्री और छिंदवाड़ा में 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दमोह में 26.5 डिग्री, जबलपुर में 25.5 डिग्री, खजुराहो में 25.4 डिग्री, मंडला में 28.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 24 डिग्री, नौगांव में 25 डिग्री, रीवा में 25.6 डिग्री, सीधी में 26.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 25 डिग्री और उमरिया में 24.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

इंदौर में गुरुवार सुबह कोहरा छाया रहा। ट्रेनों और फ्लाइट्स के संचालन में दिक्कतें आईं।

**इसलिए बिगड़ा मौसम-** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), चक्रवाती हवाओं का घेरा और ट्रफ लाइन के गुजरने से स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना। इसके असर से मध्यप्रदेश के कई जिलों में लगातार चार दिन तक बारिश हुई। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है, जो दोबारा बारिश कराएगा। सबसे ज्यादा इंदौर-उज्जैन संभाग में बारिश होगी। कई जिलों में आकाशीय बिजली के साथ बारिश होने का अनुमान है।

**स्कूलों की टाइमिंग बढ़ी-** बढ़ती सर्दी के मद्देनजर भोपाल, इंदौर, डिंडोरी, सागर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, विदिशा, नर्मदापुरम, आगर-मालवा, शाजापुर समेत कई जिलों में नर्सरी से पांचवीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दी गई है। हालांकि, भोपाल के कई स्कूलों में तो नर्सरी से 12वीं तक के स्कूल ही सुबह 9 बजे से शुरू होने लगे हैं। शाजापुर में सुबह घने कोहरे की वजह से हेडलाइट्स जलाकर गाड़ियां चलाई गईं।

**शुक्रवार को ऐसा रहेगा मौसम-**मौसम विभाग ने 1 दिसंबर को भी मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक, भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, जबलपुर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली में गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। आगर मालवा में भी दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को परेशानी हुई।

**भोपाल में दिन का पारा 10 डिग्री तक लुढ़का-** भोपाल में गुरुवार सुबह 9 बजे के बाद करीब 20 मिनट तेज बारिश हुई। इससे पहले बादल और धुंध छाई रही। राजधानी में दिन का टेम्प्रेचर 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। कोहरे और बारिश के चलते बुधवार को इंडिगो की भोपाल-प्रयागराज फ्लाइट कैंसिल रही। इंडिगो की ही रात 9 बजे मुंबई से भोपाल आने वाली फ्लाइट करीब 1 घंटे 10 मिनट देर से पहुंची।

### भोपाल में पुलिसकर्मी पर हमला

## डायल 100 वाहन पर पथराव किया, तलवार, छुरी और डंडो से लैस थे बदमाश

**भोपाल।** शाहपुरा के इंद्रा नगर इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात दर्जन भर से ज्यादा युवकों ने उत्पात मचाया। वे यहां पर एक युवक के साथ मारपीट करने आए थे। तोड़फोड़ कर रहे युवकों को जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो युवकों ने एफआरवी (डायल 100) में तोड़फोड़ कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। आरोपी तलवार, छुरी और बेस बॉल के डंडों से लैस थे। इतना ही नहीं आरोपियों ने हबीबगंज थाने के प्रधान आरक्षक महेंद्र शर्मा पर भी हमला कर दिया। उनके साथ जमकर मारपीट की और फरार हो गए।पुलिस ने बलवा करने व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर तीन युवकों को गिर तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक वाजपेयी नगर के युवकों का झगड़ा इन्द्रा नगर मल्टी के युवकों से हो गया था। बुधवार-गुरुवार की रात करीब एक बजे वाजपेयी नगर निवासी फैजल, नीलकंश व आकाश अपने 10-12 साथियों को लेकर इन्द्रा नगर पहुंचा थे। वे कुछ युवकों की तलाश कर उनके साथ मारपीट करने के इरादे से वहां पर पहुंचे थे। उनके पास लाठी-डंडे व अन्य हथियार भी थे। इन युवकों को इन्द्रा नगर में वे युवक नहीं मिले। इस बात से भड़के युवकों ने इन्द्रा नगर बस्ती में तोडफ़ोड़ करना शुरू कर दी। बस्ती के लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो हबीबगंज थाने का एफआरवी वाहन मौके पर पहुंचा। इस वाहन में हबीबगंज थाने के प्रधान आरक्षक महेन्द्र शर्मा व ड्राईवर मौजूद थे।

## हार्डवेयर दुकान में भीषण आग, परिवार को सुरक्षित निकाला

### दुकान के ऊपर रहता है परिवार, सभी को सुरक्षित बाहर निकाला

**भोपाल।** भोपाल के एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कॉलोनी में एक हार्डवेयर की दुकान में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। जहां आग लगी, उसके पास में बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच है। वहीं, रहवासी इलाका भी है। दो मंजिला बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में परिवार भी रहता है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद घर में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। शाम 5 बजे तक आग पूरी तरह से नहीं बुझ पाई है। जेसीबी से दीवार तोड़कर आग बुझाने के प्रयास किए गए हैं।



आग लगने की घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई। इसके बाद फतेहगढ़, गांधीनगर और बैरागढ़ से दमकलें मौके पर पहुंची और आग को काबू करने में जुट गई। आग से हार्डवेयर दुकान में रखा आयल पेंट, पानी की प्लास्टिक की टंकियां, पाइप आदि सामान जल गया। इस दौरान आग की लपटें 10 से 15 फीट तक ऊपर उठ गईं। दोपहर ढाई बजे तक आग कुछ काबू में आई, लेकिन अंदर प्लास्टिक का काफी समय होने से लपटें फिर से सुलग उठीं। शाम 5 बजे तक दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। आग लगने की सूचना मिलते ही महापौर मालती राय, एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी, फायर ऑफिसर रामेश्वर नील समेत कई जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। जेसीबी से दीवार तोड़ने के बाद आग बुझाने के प्रयास करते दमकलकर्मी। आग बुझाने के दौरान एक फायरकर्मी घायल हो गया। मौके पर कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी पहुंचे। दमकलकर्मी सीढ़ियों के सहारे बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर पहुंचे।

**आग बुझाने में फायरमैन घायल-**गांधीनगर फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि आग बुझाते समय एक फायरमैन भी घायल हो गया। हाथ में चोंट आने पर उसे तुरंत उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया। फतेहगढ़ फायर स्टेशन से आग बुझाने पहुंचे फायरकर्मी नौशाद अली ने बताया कि भीषण आग पर काबू तो पा लिया है, लेकिन अब चिंगारी और धुआं निकल रहा है। इसलिए पूरी टीम यहां लगी हुई है।

हार्डवेयर की दुकान एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कॉलोनी में है। जहां आग लग गई।

**दो मंजिला बिल्डिंग को चपेट में लिया-**आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना सामने आया है। जानकारी के अनुसार, आग ने दो मंजिला बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं, आसपास का इलाका धुएं में घिर गया।

## छात्राओं को ट्राले ने टक्कर मारी: एक छात्रा की मौत

### दो छात्राएं गंभीर घायल, ड्राइवर बोला- नींद आ गई थी

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज से MBBS कर रहीं तीन छात्राओं की एक्टिवा को बुधवार देर रात 11.30 बजे ट्राले ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई। दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों ने ट्राला ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने ट्राला भी जब्त कर लिया है। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उसे नींद का झोंका आ गया था, तभी हादसा हो गया। गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सलिल भार्गव ने बताया कि कॉलेज की MBBS सेकेंड ईयर की स्टूडेंट गुंजन, निशिता और छवि सिंह गांधी नगर क्षेत्र में रंगला पंजाब ढाबे के नजदीक सड़क किनारे खड़ी थीं। यहां से गुजर रहे ट्राले ने तीनों को टक्कर मार दी। हादसे में गुंजन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छवि सिंह उर्फ बिट्टू और निशिता कठेरिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। छवि की हालत नाजुक है।



गुंजन सरनेकर | निशिता कठेरिया | छवि सिंह

**गुंजन के पिता SBI में मैनेजर-**गुंजन, निशिता कठेरिया और छवि सिंह का 2021 में नीट यूजी काउंसलिंग से MBBS में एडमिशन हुआ था। गुंजन बैतूल की रहने वाली थी। उसके पिता लोकेंद्र सारंकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के भोपाल में मैदा मिल रोड स्थित एलएचओ ऑफिस में चीफ मैनेजर हैं। परिवार में गुंजन का एक छोटा भाई है, जो इंदौर से पढ़ाई कर रहा है। MBBS में एडमिशन होने के बाद से गुंजन गांधी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रह रही थी। पिता लोकेंद्र परिवार सहित अरेरा कॉलोनी ई-3 के पारस सिटी में रहते हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज की स्टूडेंट शाखा के रिकॉर्ड के मुताबिक निशिता कठेरिया जबलपुर के आधारताल की रहने वाली है। छवि सिंह उर्फ बिट्टू राजस्थान के बांसवाड़ा की है। हादसे में घायल छात्रा छवि सिंह के पिता प्रदीप सिंह ने बताया कि बेटी रात में हॉस्टल से दोस्तों के साथ पार्टी करने का कहकर निकली थी। इसकी जानकारी छवि ने मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से पार्टी के लिए जाने से पहले दी थी। प्रदीप सिंह, राजस्थान पुलिस में इंस्पेक्टर हैं।

## इंदौर के हुकुमचंद मिल श्रमिकों की सुनवाई 1 दिसंबर को

**इंदौर।** हुकुमचंद मिल के श्रमिकों व लेनदारों के बकाया भुगतान मामले में चुनाव आयोग ने सुनवाई की अनुमति दे दी है। इस मामले में हाई कोर्ट ने सुनवाई के लिए 5 दिसम्बर की तारीख तय की थी। लेकिन इस बीच 3 दिसम्बर को मतगणना और फिर उसके बाद नई सरकार बनने में देरी होने के कारण श्रमिकों ने मामले में अर्जेंट सुनवाई मेंशन की। इस पर हाई कोर्ट ने 1 दिसम्बर को सुनवाई करना तय किया है। श्रमिकों की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट गिरीश पटवर्धन ने बताया कि चुनाव आयोग से अनापत्ति आने पर इसकी सूचना नगरीय प्रशासन के प्रमुख सचिव को भी भेज दी गई थी। बुधवार को इस मामले में हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई को अवमानना नोटिस जारी करते हुए 12 दिसम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए थे। इसके पूर्व 20 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने आदेश जारी कर दो हफ्ते में मजदूरों सहित अन्य का बकाया भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इस पर कोई काम नहीं किया गया। सुनवाई में यह बात सामने आई कि 9 नवंबर के उक्त आदेश के बाद हाउसिंग बोर्ड ने 23 नवंबर को चुनाव आयोग को पत्र लिखा। कोर्ट ने इस पर नाराजी जताते हुए प्रमुख सचिव को तलब कर अवमानना नोटिस जारी किया।

# नील गाय के शिकार मद्दे वन विभाग ने गरीब आदिवासी मजदूर को बनया आरोपी





( घनश्याम भदौरिया ) **देवास।** नील गाय के शिकार मे वन विभाग ने गरीब आदिवासी मजदूर को बनया आरोपी घटना कांटाफोड़ वन परिक्षेत्र की सब रेंज बेड गांव कि सेमली बिट के कक्ष 415 की हैं।

कांटाफोड़ -मुखबिर की सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र कांटाफोड़ के वन स्टाफ द्वारा डीएफओ देवास श्री प्रदीप मिश्रा के निर्देशन एवम एसडीओ कन्नौद एस एल यादव व रेंज आफीसर काटाफोड ऋषु चौधरी के मार्गदर्शन दिनांक 28/11/23 समय लभग दिन के 3,4 बजे ग्राम कुआंगांव के रामेश्वर गुर्जर के खेत के समीप वन क्षेत्र बीट सेमली के कक्ष क्रमांक 415 में शिकार किए गए रोजडे (नीलगाय) के काटे गए विविध अंगों एवं काटने में उपयोग किए गए हथियार /ओजार व अन्य साक्ष्यों को जप्त कर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। यह जानकारी उप वन मंडल अधिकारी कन्नौद के द्वारा दी गई है। जबकि वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 415 से लगे रामेश्वर पिता रामचंद्र गुर्जर के खेत में लकड़ी की खूटियों पर बाइंडिंग तार लगा हुआ पाया गया जिसके पास ही जा रही बिजली लाइन जुड़ना पाया गया, जिससे उक्त नीलगाय को करंट देकर मारे जाने की संभावना व्यक्त होती है। जबकि बेड गांव सब रेंज के डिप्टी रेंजर मेहताब सिंह उइके ने घटना स्थल पर बताया कि घटना रामेश्वर गुर्जर के खेत पर हुई है जोकि वन परिक्षेत्र कि भूमि हे जिसे रामेश्वर गुर्जर द्वारा अतिक्रमण कर कब्ज़ा कर रखा है उईकेजी ने बताया कि खेत मालिक भी आरोपी बनाया जाएगा। लेकिन आरोपी के रूप में विश्राम पिता हीरालाल कोरकु निवासी कुंआगांव धनलाल पिता जगन्नाथ कोरकू को बनाया है जोकि रामेश्वर एवम् देवी सिंह गुर्जर के खेत में हाली का कार्य करते हैं। इस कार्रवाई को देख प्रतीत होता है के वन विभाग की टीम अतिक्रमणकारी को संरक्षण देने का काम कर रही है तथा रामेश्वर गुर्जर जिसके खेत में शिकार किया गया है उसे वन विभाग की टीम द्वारा कोई पूछताछ वगैरा नहीं की गई ना ही उसे शिकार के बारे में जानकारी ली गई जिससे प्रतीत होता है वन विभाग की टीम वन प्राणी संरक्षण व वन रक्षा की बजाय अपराधियों की रक्षा कर रही है।

# फायर सेफ्टी को लेकर सिविल हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल

## स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों को दिया गया आग बुझाने का प्रशिक्षण

**आगर मालवा।** स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को आगर मालवा जिले के सुसनेर शासकीय चिकित्सालय में आग से सुरक्षा के लिए माक ड्रिल की। इस दौरान स्वास्थ कर्मियों को आग पर काबू पाने के तरीके सिखाए गए। आग लगने की स्थिति में किस तरह से बचाव और नुकसान को कम किया जा सकता है, इसके लिए हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल की गई।



मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजीव कुमार बरसेना और मेडिकल ऑफिसर डॉ.बी.बी.पाटीदार ने बताया कि आग सिर्फ माचिस से नहीं लगती है, इसके लिए हवा और माध्यम भी जरूरी है। इन तीन में से एक का भी स्रोत बंद करने पर आग बुझ जाएगी। वह माध्यम डीजल, पेट्रोल, गैस, कागज, धातु, लकड़ी या अन्य वस्तुएं हो सकती हैं। किसी भी प्रकार के आग के लिए समय के अनुसार ही आग बुझाने का प्रयास करना चाहिए। आग लगने के बाद धैर्य रखने की जरूरत है।

**हंगामा नहीं प्रयास करें**-उन्होंने बताया कि अस्पताल में आग लगने की जानकारी मिलती है, जिसके कई कारण हो सकते है। ऐसे में हंगामा करना सबसे खतरनाक साबित होता है। इससे आपाधापी मच सकती है। इससे कई बार रोगियों की जान पर बन आती है। वहां कई स्वास्थ्य कर्मी काम कर रहे होते हैं। इनमें से एक तो आग पर काबू पाने का प्रयास करें। क्योंकि अस्पतालों में रोगियों का इलाज चलता रहता है। ऐसी परिस्थिति में धैर्य से काम लें और आग में फंसे रोगियों को एक-एक कर बाहर निकालने का प्रयास करें।

अस्पताल के मैटरनिटी, जनरल वार्ड सहित अन्य जगहों पर अग्निशमन यंत्र रखी रहती है। बाद में आग लगने की स्थिति में किस तरह से आग को बुझाना है, इस संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजीव बरसेना, डॉ.बी.बी.पाटीदार, डॉ.सुमित जैन, डॉ.नीलम जैन, डॉ. हर्षिता टटावत, डॉ.यशी चौरसिया, बीपीएम दोलत मुजाल्दे, बीसीएम मुकेश सुर्यवंशी, बीईई प्रेमनारायण यादव, भेरूलाल राठौर, गिरिश जैन, नर्सिंग आफिसर साहिबा कोसर, रवि मालाकार, रविंद्र नागर, हरिराम ओसारा, गगन जैन, शाहरूख खॉन, मनीषा किरार, महेंद्र सूत्रकार, एकता जैन, संजना गोस्वामी, पूजा कोहली, प्रकाश मेहर, सुरेश डाबर सहित सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

### सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों की सकुशल निकासी हेतु

# भक्तों ने आगर कोर्ट के सामने स्थित नगर सेठ हनुमान मंदिर पर महाआरती की

**आगर-मालवा, (रिपोर्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत )।** सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों की सकुशल निकासी के लिए भक्तों द्वारा आगर कोर्ट के सामने स्थित श्री नगर सेठ हनुमान मंदिर पर महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में रहवासी शामिल हुए। सभी रह वासियों द्वारा टनल में फंसे मजदूरों की सकुशल निकासी एवं उनके स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। बता दें कि ये मजदूर सिलक्यारा छोर के अंदर खुदाई कर रहे थे. जिस सुरंग को यह लोग बना रहे थे उसका 2340 मीटर का हिस्सा तैयार हो था। इसी हिस्से में भूस्खलन के बाद पहाड़ का मलबा 200 मीटर की दूरी पर गिरा हुआ है। मलबा करीब 60 मीटर लंबाई में है मतलब मजदूर 260 मीटर के ऊपर फंसे हैं। यह मजदूर 12 नवंबर को हुए भूस्खलन में फंस गए। इन मजदूरों को टनल के अंदर गुमने फिरने करने के लिए दो किलोमीटर हिस्सा है। जिसमें इनके पास 50 फीट चौड़ी रोड और दो किलोमीटर लंबाई में टनल है, जिसमें यह लोग गुम फिर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टनल में आठ राज्यों के मजदूर फंसे हुए हैं जिसमें हिमाचल प्रदेश से एक, उत्तराखंड से दो, उत्तर प्रदेश से आठ, बिहार से पांच, पश्चिम बंगाल से तीन, असम से दो, झारखंड पंद्रह, ओडिशा से पांच मजदूर टनल के अंदर फंसे हुए हैं। सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने के लिए देशभर में दुआएं की आ रही हैं।



### सुसनेर में हुई दिव्यांग बच्चों की प्रतियोगिताः

## विकास खंड के 44 दिव्यांग बच्चों ने लिया भाग

**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के सुसनेर में तहसील रोड पर स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय में गुरुवार को दिव्यांगों के लिए विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली, चित्रकला, मेंहदी, चेयर रेस, नींबू दौड़, 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सुसनेर विकास खंड के कूल 44 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। जिनमें से 20 विजेता प्रतिभागीयों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। सभी को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में डटे कांग्रेस कार्यकर्ता



(दुर्गाशंकर टेलर) (आगर-मालवा)- विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को संपन्न हुए मतदान के बाद जिले के दो विधानसभा क्षेत्र के 19 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो चुका है। इन ईवीएम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर के निकट स्थित पालीटेक्निक कालेज में रखा गया है।

स्ट्रांग रूम में रखे हुए मतपेटी और ईवीएम से किसी प्रकार का छेड़छाड़ ना हो इसलिए उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के सामने बैठ कर 24 घंटे पहेरदारी कर रहें हैं। आगर विधानसभा के प्रत्याशी विपिन वानखेड़े के प्रतिनिधि सतीष पटेल समेत 05 अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही।



# रतलाम को रेबीज फ्री करने की तैयारी

## शहर में रोज कुत्तों के काटने के 25 से ज्यादा मामले आते हैं

**रतलाम।** रतलाम सहित मध्यप्रदेश के 5 शहरों को रेबीज फ्री करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए अलग से प्रोग्राम चलाया जाएगा, इसमें डॉग्स सहित दूसरे पशुओं का टीकाकरण होगा। जनवरी से काम शुरू होने की संभावना है।

केंद्र सरकार ने रतलाम सहित प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व उज्जैन शहर के लिए रेबीज फ्री सिटी योजना को स्वीकृति दे दी है। आचार संहिता के चलते अभी प्रक्रिया रुकी थी, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट पर दोबारा से काम शुरू होगा। नेशनल रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम की निगरानी में जनवरी से काम शुरू हो जाएगा। इसके तहत श्वान, बिल्ली, बंदरों समेत कई जानवरों को इंजेक्शन लगाए जाएंगे। हालांकि, अभी लोकल स्तर पर नगर निगम और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को इस बारे में विस्तृत आदेश नहीं मिले हैं।



प्रदेश में दूसरे नंबर पर रह चुका रतलाम- कुत्तों के काटने के मामले में रतलाम प्रदेश में दूसरे नंबर पर भी रह चुका है। शहर में रोज कुत्तों के काटने के 25 से ज्यादा मामले आते हैं। छोटे बच्चों पर भी हमला होता है। इन्हें कुत्तों के हमले से बचाने के लिए भी प्लान है। इसी प्रोजेक्ट में बच्चों के लिए जागरूक कार्यक्रम भी चलाया जाएगा।

### तलाक लेने आई महिला का बसा घर

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की अनुठी पहल से परिवार में दूर हुए गिले शिकवे

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार तथा बड़वानी कोतवाली टी आय श्री बलदेव सिंह मुजाल्दे के प्रयास से बिछड़े परिवारों को मिलाने के साथ-साथ पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं की मदद की जा रही है। इसी के तहत बड़वानी के समीप ग्राम कुंडिया निवासी महिला ने आवेदन देकर बताया मुझे मेरे पति द्वारा बहुत प्रताड़ित किया जाता है। पति विघुत मंडल में लाइनमैन है और मैं भी आंगनवाड़ी में काम करती हूं। मुझे मेरे पति से तलाक दिलाया जाए में और मेरे बच्चे हम अलग रहेंगे और मैं बच्चों को पाल लूंगी। पति द्वारा आए दिन परेशान करने से मैं अपने पति से तलाक लेना चाहती हूं , अलग रहना चाहती हूं इस पर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने पति को बुलाकर दोनों पति-पत्नी की काउंसलिंग की तथा समझाइश दी। दोनों पक्षों ने आपस में राजी खुशी से एक साथ रहने के लिए तैयार हुए।



## क्या आप भी रोज 7-8 घंटे से ज्यादा सोते हैं? संभल जाइए वरना ये 5 बीमारियां आपको जकड़ लेंगी

हर व्यक्ति के लिए हेल्दी फूड खाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी भरपूर नींद लेना भी है. जो लोग 7-8 घंटे से कम नींद लेते हैं, उन लोगों में कई बीमारियों के पैदा होने का खतरा रहता है. शरीर को पूरे दिन एक्टिव और हेल्दी रहने के लिए पर्याप्त नींद की सख्त जरूरत होती है. यह तो आप भलीभांति जानते हैं कि कम नींद लेने से शरीर पर कितने बुरे प्रभाव पड़ते हैं. लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि ज्यादा सोना भी आपके स्वास्थ्य के लिए कितना नुकसानदेह साबित हो सकता है? अगर आप रोजाना 8-9 घंटे से ज्यादा सोते हैं तो आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में अच्छे से जान लेना चाहिए.

### ज्यादा सोने से शरीर पर पड़ते हैं ये प्रभाव

1. **सिर दर्द-** ज्यादा सोने से न्यूरोट्रांसमीटर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जिसकी वजह से आपके सिर में दर्द की समस्या पैदा हो सकती है. अगर आप दिन में लंबे समय तक सोए रहते हैं तो आपकी रात की नींद में बाधा आ सकती है, जो बाद में सिरदर्द का कारण बनती है.

2. **मोटापा-** मोटापा कैंसर और डायबिटीज सहित कई बीमारियों का कारण बनता है. ज्यादा सोने से मोटापे की समस्या पैदा हो सकती है. यही वजह है कि ज्यादा सोने से हमेशा बचना चाहिए. हालांकि कम नींद लेना भी इस समस्या का कारण बन सकता है.


3. **टाइप 2 डायबिटीज-** जरूरी घंटों से ज्यादा सोने से आपको टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा बढ़ सकता है. क्योंकि ज्यादा सोने से मोटापा बढ़ता है, जो डायबिटी के जोखिम को पैदा कर सकता है.

4. **दिल की बीमारी-** ज्यादा सोने से आपको दिल की बीमारी भी हो सकती है. जो लोग जरूरत से ज्यादा सोते हैं, उनमें हृदय रोग के पैदा होने का खतरा बढ़ता है. आंकड़े बताते हैं कि जो लोग हर रात में 11 घंटे सोते हैं, उनमें दिल की बीमारी के विकसित होने की संभावना उन लोगों की तुलना में ज्यादा होती है, जो लोग 7 से 8 घंटे सोते हैं.

# चेहरे पर लगाएं ग्रीन टी और गुलाब जल से बना फेस पैक, आएगा निखार

स्किन को बेदाग और खूबसूरत बनाए रखने के लिए सही देखभाल बहुत जरूरी है। खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़े कारणों की वजह से आपकी स्किन पर दाग-धब्बे समेत कई समस्याएं हो जाती हैं। इन परेशानियों से बचने के लिए लोग मार्केट में मिलने वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर स्किन केयर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं। इनका इस्तेमाल स्किन के लिए नुकसानदायक हो सकता है। स्किन को बेहतर बनाने और समस्याओं से मुक्त करने के लिए हर्बल चीजों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद और सुरक्षित माना जाता है। स्किन को बेदाग और ग्लोइंग बनाने के लिए ग्रीन टी से बने फेस मास्क का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। आइये इस लेख में विस्तार से जानते हैं इसके बारे में।

### ग्रीन टी और गुलाब जल से बने फेस मास्क के फायदे



ग्रीन टी का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। वजन घटाने से लेकर शरीर का चयापचय ठीक रखने और इम्यूनिटी बूस्ट करने में ग्रीन टी का सेवन फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं ग्रीन टी का इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी कई परेशानियों से छुटकारा मिलता है। ग्रीन टी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी एजिंग गुण स्किन से जुड़ी कई परेशानियों से छुटकारा दिलाने का काम करते हैं। चेहरे पर ग्रीन टी और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल करने से ये फायदे मिलते हैं-

### 1. स्किन का ग्लो बढ़ाए

स्किन का ग्लो बढ़ाने के लिए ग्रीन टी और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। ग्रीन टी में मौजूद गुण स्किन की रंगत साफ करने और ग्लो बढ़ाने में मदद करते हैं। वहीं गुलाब जल स्किन को साफ करने और इन्फेक्शन से बचाने में फायदेमंद होता है।




### 2. दाग-धब्बे हटाए

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे खूबसूरती कम करने का काम करते हैं। चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने और दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए ग्रीन टी और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। आप सप्ताह में दो से तीन बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 3. मुंहासे और एक्ने से छुटकारा

चेहरे पर मौजूद एक्ने, मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए भी ग्रीन टी और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद गुण स्किन को अच्छी तरह से साफ करने और इन्फेक्शन दूर करने का काम करते हैं।

### 4. पिगमेंटेशन से छुटकारा

पिगमेंटेशन की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी ग्रीन टी और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। सप्ताह में दो से तीन बार इसका इस्तेमाल करने से आपको पिगमेंटेशन से छुटकारा मिलेगा।

### कैसे बनाएं गुलाब जल और ग्रीन टी का फेस मास्क?

इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच ग्रीन टी लें और इसे बारीक करने के बाद इसमें 2 से 3 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद इसका इस्तेमाल चेहरे और गर्दन पर करें। लगभग 15 मिनट तक इसे लगा रहने दें और फिर चेहरे को साफ पानी से धो लें।

# चेहरे पर लगाएं प्याज का रस और शहद, मिलेंगे कई जबदस्त फायदे

स्किन को खूबसूरत और बेदाग बनाए रखने के लिए निरंतर देखभाल की जरूरत होती है। स्किन की सही ढंग से देखभाल न करने से आपको कई परेशानियां हो सकती हैं। चेहरे पर प्याज का रस और शहद लगाने से आपको बहुत फायदा मिलता है। आपने अभी तक प्याज खाने के फायदे के बारे में सुना होगा लेकिन आज हम आपको चेहरे पर प्याज का रस लगाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। प्याज में मौजूद गुण स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। प्याज के रस में विटामिन ए, एंटी-ऑक्सीडेंट, क्रेसेप्टिन जैसे गुण होते हैं जो स्किन को बेदाग, ग्लोइंग और कई समस्याओं से मुक्त बनाते हैं। वहीं शहद में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण स्किन के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। आइए विस्तार से जानते हैं चेहरे पर प्याज का रस और शहद लगाने के फायदे और तरीका।

### चेहरे पर प्याज और शहद लगाने के फायदे

बढ़ती उम्र के कारण स्किन पर झुर्रियां, स्किन का डल होना और चेहरे पर दाग-धब्बे होना आम है। इन समस्याओं से बचने के लिए प्याज के रस को शहद के साथ चेहरे पर लगाना बहुत फायदेमंद होता है। प्याज के रस में मौजूद विटामिन सी, विटामिन ए और ई स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। स्किन को डिटॉक्स करने और कोलेजन बढ़ाने के लिए प्याज के रस के साथ शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है।



चेहरे पर प्याज का रस और शहद लगाने के फायदे इस तरह से हैं-

### 1. मुहांसों की समस्या में फायदेमंद

मुहांसों की समस्या में प्याज के रस के साथ शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। प्याज के रस में फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो मुहांसों की समस्या में बहुत फायदेमंद होते हैं। प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर मास्क की तरह से लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और उसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। सप्ताह में दो से तीन बार ऐसा करने से मुहांसों की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

### 2. स्किन का ग्लो बढ़ाए

स्किन का ग्लो बढ़ाने के लिए प्याज के रस में शहद मिलाकर लगाना बहुत फायदेमंद होता है। चेहरे की गंदगी साफ करने और चेहरे के ग्लो को बढ़ाने के लिए आप एक चम्मच प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाएं और स्किन टोनर या मास्क की तरह से चेहरे पर लगाएं। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा बेसन भी मिला सकते हैं। इसे चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर चेहरे को धो लें।

### 3. दाग-धब्बे करे दूर

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों और पैच आदि को दूर करने के लिए प्याज का रस और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर अच्छी तरह से लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। ऐसा कुछ दिनों तक करने से आपको फायदा मिलेगा।




### 4. पिंपल्स दूर करने में फायदेमंद

चेहरे पर मौजूद पिंपल्स की समस्या से छुटकारा पाने के लिए प्याज के रस में शहद मिलाकर लगाने से बहुत फायदा मिलता है। पिंपल्स के ऊपर प्याज के रस में जैतून का तेल और शहद मिलाकर लगाएं। इसे थोड़ी देर तक लगा रहने दें और फिर साफ कर लें। ऐसा कुछ दिनों तक करने से आपको पिंपल्स से छुटकारा मिलेगा।

### 5. झुर्रियों को कम करने में फायदेमंद

चेहरे पर मौजूद झुर्रियों को कम करने के लिए प्याज के रस में शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। बढ़ती उम्र के कारण झुर्रियों को कम करने के लिए प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर हल्के गुनगुने पानी से धो लें।

# अमलतास हॉस्पिटल द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क महाशिविर में जन सैलाब






**देवास ( भविष्य दर्पण न्यूज़ नेटवर्क )** - अमलतास अस्पताल द्वारा जनमानस के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर में प्रतिदिन हितग्राहि अपना ईलाज जाँच मुफ्त करवा रहे है। यह महाशिविर दिनांक 13 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2023 तक चलेगा। आयोजित शिविर में निःशुल्क विशेषज्ञ परामर्श के साथ निशुल्क जाँच उपचार ईलाज का लाभ भी प्रतिदिन आमजनों को मिल रहा । देवास , उज्जैन , शाजापुर, इंदौर, मालवा एवं आसपास के क्षेत्र के लोग इस महाशिविर में आकर स्वास्थ लाभ ले रहे है। निशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर में प्रशिक्षित अनुभवी चिकित्सक हृदय रोग , किडनी रोग , हड्डी रोग, कैंसर रोग , मस्तिष्क रोग एवं सुपरस्पेशलिटी सेवाओ के निशुल्क परामर्श के साथ निम्नलिखित जाँच का लाभ भी लोग बढचढ़ कर ले रहे है। अमलतास का प्रयास है क्षेत्र के दुर्गम स्थलों में रहने वाले हजारों गरीब व जरूरतमंद परिवार जो विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपना इलाज कराने में असमर्थ हैं वे इस शिविर से लाभान्वित हो। अमलतास अस्पताल के चेयरमैन श्री मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की इस महाशिविर के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाने के लिये हमारे चिकित्सक एवं स्टाफ सदेव तत्पर है हमारा उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को जिन्हें आर्थिक व आवागमन सुविधाओं की कमी के कारण विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रतिष्ठित अस्पतालों में उपचार नहीं मिलने से हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें उचित स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराना है।

### विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में

## अमलतास द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम





**( भविष्य दर्पण न्यूज़ नेटवर्क )**

**देवास।** अमलतास अस्पताल 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व एड्स दिवस मना रहा है। जिसमे पोस्टर मेकिंग ,नुक्कड़ नाटक से एचआईवी के संक्रमण की जानकारी ,नारा लेखन प्रतियोगिता एवं 30 नवंबर एड्स जागरूकता दिवस पर व्याख्यान माला जिसमें एचआईवी की भ्रांतियों को खत्म करने एवं इसके लक्षण , उपचार हेतु सुझाव दिए गए आयोजन में अमलतास अस्पताल के डीन डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े , चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.के. पिठवा, चिकित्सक , पीजी डॉक्टर्स, अमलतास इंस्टिट्यूट के समस्त छात्र छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित थे। एवं 1 दिसम्बर को एड्स से बचाव हेतु देवास शहर में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।

### कड़ी सुरक्षा में पोस्टल बैलेट

## कोषालय से मतगणना स्थल पहुंचेंगे

**उज्जैन।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतगणना इन्दौर रोड स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना के पूर्व पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। मतगणना के एक दिवस पूर्व शनिवार 2 दिसम्बर को अपराह्न 3 बजे जिला कोषालय के डबल लॉक में रखे स्ट्रांग रूम से निकाले जाएंगे। सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के आरओ, एआरओ द्वारा पुलिस बल की अभिरक्षा में परिवहन कर गणना स्थल इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में पोस्टल बैलेट रखे जाएंगे। निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर एडीएम और एएसपी को नियुक्त किया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आयोग के निर्देशों के तहत सातों विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट जिला कोषालय के डबल लॉक में सुरक्षित रखे गए हैं। आयोग के निर्देश अनुसार 2 दिसम्बर को जिला कोषालय से अपराह्न 3 बजे परिवहन कर गणना स्थल के नवीन स्ट्रांग रूम में रखे जाएंगे। अपर कलेक्टर एमएस कवचे ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि पोस्टल बैलेट के सुरक्षित परिवहन के लिए पुलिस बल उपलब्ध करवाने और मतगणना स्थल इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए सशस्त्र केन्द्रीय पुलिस बल की ड्यूटी लगाएं। नवीन स्ट्रांग रूम से 3 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे पोस्टल बैलेट के स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। इस दौरान सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इस दौरान अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता सम्पूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

### ठंड और मावठे के कारण अधजले रह रहे शव

## समाजसेवी अनिल डागर ने कहा श्मशान समिति लकड़ी और कंडे कमजोर दे रही

**उज्जैन।** ठंड और मावठे के मौसम में अंतिम संस्कार के लिए लाए हुए शव अधजले रह रहे हैं, ऐसे में समाजसेवी अनिल डागर द्वारा इन अधजले शवों को जलाया जा रहा है। अनिल डागर ने आरोप लगाया कि श्मशान समिति द्वारा कमजोर कंडे और लकड़ियां कम दिये जाने के ऐसी स्थिति बन रही है। समिति जो लकड़ियां 150 रूपये क्विंटल में देनी चाहिये वह 700 रूपये क्विंटल में दी जा रही है। अनिल डागर ने बताया कि ठंडे मौसम और बारिश के कारण लकड़ी गीली हो रही है ऐसे में अंतिम संस्कार के बाद बॉडी पूरी तरह जल नहीं पा रही। ऐसे में प्रतिदिन शाम को वे चक्रतीर्थ पहुंचकर इन अधजली लाशों को जला रहे हैं। डागर ने बताया कि ठंड के समय में शव को जलने में करीब 5 घंटे, बारिश के मौसम में 6 घंटे और गर्मी में करीब डेढ़ से दो घंटे लगते हैं। उपर से श्मशान समिति द्वारा लकड़ी, कंडे में किये जा रहे हेरफेर के कारण शवों के साथ ऐसी दुर्गति हो रही है।



## उज्जैन शहर में सुबह छाया घना कोहरा

### दिन का तापमान 20 डिग्री से नीचे आया

**उज्जैन।** उज्जैन जिले में दो दिन पहले हुई मावठे की बारिश के तीन दिन बाद गुरुवार को भी सुबह शहर में कोहरा छाया रहा। सुबह-सुबह निकलने वाली ट्रेनों की रफ्तार भी धीमी रही। सड़कों पर चलने वाले वाहन घने कोहरे के कारण धीमी गति से चले। शहर में सुबह 8 बजे तक धूप नहीं निकली, इसके बाद धूप खिली भी तो हल्की।

लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों में ढंके नजर आए। कुछ लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से राहत ली। जिले में रविवार को हुई मावठे की बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है। बुधवार को तो सुबह से दोपहर तक बादल छाने के कारण कोहरा बना रहा।

ठंडी हवाओं का सीधा असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ा। बीती रात न्यूनतम तापमान जरूर 2.1 डिग्री सेंटिग्रेड बढ़ गया, इसके बाद भी गुरुवार सुबह से घना कोहरा शहर में छाया रहा। वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि बादल छाए रहने के कारण तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आती है। बादल हटने के बाद ठंड का असर पता चलेगा।



### 5 साल के बेटे के साथ फांसी लगाने का प्रयास

# पत्नी से झगड़े के बाद सुसाइड अटेम्प्ट, बच्चे की हालत में सुधार, पिता गंभीर





**उज्जैन।** उज्जैन में पत्नी से झगड़े के बाद पति ने 5 साल के बेटे के साथ फांसी लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर दोनों को बचाया। अस्पताल में बच्चे की हालत अब खतरे से बाहर है। पिता गंभीर है। मामला चिमनगंज मंडी थाना इलाके में बुधवार देर रात का है। शहीद नगर में रहने वाले आकाश का विवाद पत्नी शोभा से हो गया था। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। पति पर केस कराने के लिए शोभा चिमनगंज मंडी थाने पहुंची। शिकायत पर पुलिस जब घर आई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। TI आनंद तिवारी ने बताया कि आकाश (35) बैरागी अपने बेटे जिगर के गले में नायलोन की रस्सी बांधकर पंखे से लटक गया था। पुलिस ने तत्काल घर का दरवाजा तोड़कर दोनों को फंदे से उतारा और जिला अस्पताल पहुंचाया। आकाश को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। रात 2 बजे हालत में सुधार आने पर बच्चे को जिला अस्पताल से चरक भवन भेजा गया। आकाश की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

**6 साल पहले हुई थी शादी**–आकाश और शोभा की शादी 6 साल पहले हुई थी। आकाश डेंटल डॉक्टरों के यहां बत्तीसी बनाने का काम करता है। देर रात पत्नी शोभा से उसका विवाद हुआ। पत्नी मायके चली गई थी, वहां से परिजन को लेकर वह थाने पहुंची थी।

### तराना स्ट्रांग रूम की सील में नमी मिलने पर शिकायत

# कलेक्टर ने अभिकर्ताओं की मौजूदगी में अतिरिक्त सील लगवाई

**उज्जैन।** इंजीनियरिंग कॉलेज में 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना से पहले तराना के स्ट्रांग रूम की सील में नमी पाई गई। मामले में कलेक्टर उज्जैन ने जांच के दौरान सील में नमी पाई थी। जिसके बाद कांग्रेस अभिकर्ता को बुलाकर अतिरिक्त सील की गई।

इंजीनियरिंग कालेज में बुधवार को तराना स्ट्रांग रूम के बाहर लगी सील में नमी पाई जाने के बाद स्ट्रांग पर आला अधिकारी पहुंचे थे। मामले में पता चला कि स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आरओ को सूचित किया था की तराना के स्ट्रांग रूम में लगी सील में नमी है। खबर मिलने के बाद उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम भी तत्काल वहां पहुंचे और कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार को इंजीनियरिंग कॉलेज मतगणना स्थल पर बुलाया । मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक गुप्ता ने आरोप लगाया कि महापौर चुनाव में हुई मिली भगत के बाद स्ट्रांग रूम की सील में नमी मिलने में साजिश की आशंका है। स्ट्रांग रूम पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा अतिरिक्त स सील लगाई गई। इस पर विधायक महेश परमार ने आशंका जताई है कि स्ट्रांग रूम का मतगणना कक्ष से दूर होना व बारिश नमी का कारण बताते हुए अतिरिक्त सील लगाना, निर्वाचन अमले के कामकाज पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। और किसी गड़बड़ी की ओर आशंकित कर रहा है। घटना के बाद प्रत्याशी महेश परमार के अधिकृत 2 व्यक्ती स्वीकृत किए हैं जो मशीन के साथ कक्ष तक जाएंगे। विधायक परमार ने मांग की है कि तराना स्ट्रांग रूम की अतिरिक्त सुरक्षा एवं पारदर्शिता के साथ पुख्ता व्यवस्था हो। पुरे मामले में कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने बताया कि सीआरपीएफ के जवान ने शिकायत आरो को की थी जिसके बाद सील पर अतिरिक्त सील की गई है।

## नगर निगम अपर आयुक्त श्री मण्डलोई को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

**उज्जैन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने पूर्व से ही नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त श्री आरएस मण्डलोई को काउंटिंग मैनेजमेंट का नोडल अधिकारी बनाया जाकर मतगणना से सम्बन्धित कार्यों को सम्पादित किये जाने का दायित्व सौंपा था। मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार 29 नवम्बर की शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक की सूचना दी थी। इसके उपरांत भी श्री मण्डलोई बैठक में अनुपस्थित रहे और उनके द्वारा मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में सौंपे गये कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में नहीं किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम एवं मप्र सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन होकर निर्देशों की अवहेलना, कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण श्री मण्डलोई को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर स्पष्टीकरण तत्काल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी हुए हरिद्वार के लिए रवाना

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 1, 2, 3, दिसंबर हरिद्वार में आयोजित होने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया जी केंद्रीय पदाधिकारी को मार्गदर्शन देंगे। जिसमें मालवा प्रांत 10 जिलों के प्रमुख पदाधिकारी एवं प्रांत टोली उज्जैन से हरिद्वार के लिए रवाना हुई। राष्ट्रीय सम्मेलन में नेपाल सहित संपूर्ण भारत देश भर के कार्यकर्ता हरिद्वार में भाग लेंगे पहुंचेगे। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष व प्रांत कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार ने दी।



॥ श्री गणेशाय नमः ॥

श्री शनि स्टार फायनेंस

किसान क्रेडिट कार्ड (KCC)
1. पावती की कापी
2. खसरा बी – 1, बी– 2
3. जमीन का नक्शा (चर्तुसीमा)
4. पंचायत का लिखा – स्थाई प्रमाण पत्र
5. 8 कलर फोटो, आधार कार्ड परिचय पत्र
7. राशन कार्ड/ बिजली का बिल

ग्रामीण क्षेत्र के लिए
1. हाऊस टेक्स रसीद
2. बिजली का बिल / टेलीफोन बिल /गैस की डायरी
3. पेनकार्ड /आधार /वोटर /लाईसेंस की कॉपी
4. 2 कलर फोटो(पति पत्नि)
5. बैंक पास बुक की फोटो कॉपी
6. दुध का बिल/ डायरी / दुकान का बिल

होम लोन
1. रजिस्ट्री
2. नक्शा
3. नामांतरण
4. हाऊस टेक्स रसीद
5. बिजली का बिल/ टेलीफोन बिल
6. पेन कार्ड
7. आधार कार्ड, परिचय पत्र, लाईसेंस की कापी
8. 2 कलर फोटो
9. एक वर्ष का बैंक स्टेटमेंट
10. पहले से अगर कोई लोन चल रहा हो तो उसका स्टेटमेंट

बिजनेस लोन
1. 3 साल के रिर्टन
2. गुमाश्ता
3. आधार कार्ड
4. राशन कार्ड
5. पहचान पत्र
6. बिजली का बिल
7. दो कलर फोटो
8. दो परिचित लोगो के नाम
9. बैंक स्टेटमेंट (एक वर्ष का)

पर्सनल लोन
1. 3 माह की वेतन पर्ची (नौकरी वालो)
2. पेन कार्ड की कॉपी
3. आधार कार्ड
4. बिजली बिल की कॉपी
5. फार्म नं. 16( 1.5 लाख से ऊपर के लिये)
6. छ: माह का बैंक स्टेटमेंट
7. परिचय पत्र / राशन कार्ड

शुभम परमार – मो. 9589177176

भविष्य दर्पण न्यूज पेपर

अखबार की एजेंसी देना है

जिला उज्जैन और तहसील में देवास, मक्सी, इंदौर ,शुजालपुर, कालापीपल, रिपोर्टर , बनने के लिए अनुभवी व्यक्ति संपर्क करे।

मो. नं. 95891-77176




मालिक, प्रकाशक, मुद्रक शुभम द्वारा विधायक नगर, पंवासा मक्सी रोड, उज्जैन ( म.प्र. ) पिन-456010 से प्रकाशित तथा प्रियंका ऑफसेट 2/10 पिपलनाका चौराहा उज्जैन ( म. प्र. ) 456010 से मुद्रित ।
संपादक:- शुभम मोबाइल:- 95891-77176 ( सभी वाद विवाद ओ का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )।